कार्यालयः प्रधानाचार्य, महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज,
थानों रोड़, रायपुर, देहरादून, पिन–248008
ई–मेल –mpsportscollege@gmail.com दूरभाष – 0135–2788142

संख्या– 01 / ग्रा0आर0पत्रा0 / 2022–23 / देहरादून, दिनांक 01 अप्रैल, 2023

सेवा में,

श्री राजेन्द्र रतूड़ी
सचिव,
सचिवालय क्रिकेट क्लब, देहरादून
कार्यालयः–4 सुभाष रोड, सचिवालय, देहरादून।

विषय :– क्रिकेट मैदान आरक्षित करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अपने पत्र संख्या–02 / क्लब / 2023, दिनांक 10 मार्च, 2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा फिट इण्डिया मूवमेन्ट के तहत अंर्तसचिवालय क्रिकेट (अर्द्धवार्षिक) प्रतियोगिता के आयोजन हेतु दिनांक 07 से 23 अप्रैल, 2023 तक महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज के क्रिकेट मैदान को निःशुल्क आरक्षित किये जाने का अनुरोध किया गया है, उक्त के क्रम में शासनादेश संख्या–128/VI-3 / 2023–33(36) / 2013, दिनांक 28 फरवरी, 2023 के अनुपालन में निःशुल्क खेल मैदान आरक्षित करने की दशा में निम्नानुसार साफ–सफाई एवं जलकर शुल्क देय होगा :–

क्र. सं	खेल मैदान	प्रतियोगिता की तिथि	कुल दिन	जलकर एवं साफ–सफाई शुल्क प्रतिदिन	विद्युत शुल्क प्रतिदिन	कुल धनराशि
1	क्रिकेट	दिनांक 07 से 23 अप्रैल, 2023 तक	17	1000 / –	–	रू 17,000.00 / –
	कुल धनराशि					रू 17,000.00 / –

मैदान आरक्षण के नियम, शर्ते व प्रतिबन्ध निम्न प्रकार से है :–

1. प्रतियोगिता के दौरान शान्ति व्यवस्था तथा सद्भाव बनाये रखने का दायित्व आयोजक का होगा।
2. प्रतियोगिता में पालीथीन व प्लास्टिक या उससे निर्मित सामग्री जैसे प्लास्टिक या थर्माकोल के ग्लास, प्लेट, कप, चम्मच, कटोरी आदि का प्रयोग कदापि नहीं किया जायेगा।
3. क्रीड़ा मैदान का प्रयोग केवल खेल प्रयोजन हेतु ही किया जायेगा।
4. कॉलेज परिसर में किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थो का सेवन एवं धूम्रपान करना वर्जित है।
5. प्रशिक्षण के दौरान किसी अप्रिय घटना के घटित होने पर सम्पूर्ण जिम्मेदारी आयोजक की होगी।
6. क्रीड़ा मैदान में खिलाड़ी अपने खेल किट में होना अनिवार्य है।
7. आयोजन के दौरान क्रीड़ा मैदान में स्वच्छता बनाये रखना आयोजनकर्ता का उत्तरदायित्व होगा।
8. मैदान / क्रीडा हॉल प्रातः 08:30 से सायं 03:30 बजे तक आरक्षित होगा, जिसके पूर्व एवं उपरान्त कॉलेज के छात्रों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जाता है।
9. यदि आरक्षण की तिथियों में कोई शासकीय कार्य / प्रतियोगिता होती है तो उन तिथियों में आपके द्वारा किया गया आरक्षण स्थगित कर दिया जायेगा।

अतः आप दिनांक 07 अप्रैल, 2023 से 23 अप्रैल, 2023 तक (कुल 17 दिन) क्रिकेट मैदान के आरक्षण हेतु उपरोक्त शर्तो / प्रतिबन्धों का अनुपालन करते हुये खेल मैदान के निःशुल्क आरक्षण की दशा में जलकर एवं साफ–सफाई शुल्क की धनराशि रु 17000 / – (रू सतरह हजार मात्र) कार्यालय में जमा कराने का कष्ट करें।

भवदीय,
01/04/2023
(राजेश ममगाई)
प्रधानाचार्य,

संख्या व तिथि तदैव।

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सहायक पी0टी0आई0 / ग्राउण्ड इंचार्ज।
2. सहायक लेखाकार।
3. सम्बन्धित खेल प्रशिक्षक।
4. सुरक्षा प्रभारी।

प्रधानाचार्य,